# पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

( छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित )

कोनी–बिरकोना मार्ग ,बिलासपुर (छ.ग.) 495009

दूरभाष क्रमांक : (07752) 240752,240712

www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in


क्र. 1229 / पो.मै.छा.शा. / 2021 बिलासपुर, दिनांक 21 / 12 / 2021

प्रति,

..........................................

..........................................

..........................................

विषयः–सत्र जनवरी–दिसम्बर 2021 एवं सत्र जूलाई–जून 2021–22 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन के विषय में।

संदर्भः– कार्यालय आयुक्त ,आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास इद्रावती भवन ,ब्लाक-डी अटल नगर रायपुर छत्तीसगढ़ का पत्र क्रमांक / आँ . ला पो.मै.छा / 123/2021–22 / 6782 बिलासपुर दिनांक 16 / 12 / 2021 ।

—— 000 ——

उपरोक्त विषय के अनुक्रम एवं संदर्भित पत्र के परिपालन हेतु विश्वविद्यालय के समस्त क्षेत्रीय, उपक्षेत्रीय केंद्र एवं उनके अधीनस्थ अध्ययन केन्द्रों को सूचित किया जाता है कि सत्र जनवरी–दिसम्बर 2021 एवं सत्र जुलाई–जून 2021–22 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं विवरण कार्यवाही **http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/** नवीन वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।

आवेदन करने एवं संस्था स्तर पर उक्त प्रकरणें से संबंधित प्रक्रियाओं हेतु निम्नानुसार अंतिम तिथियाँ निर्धारित की गई है–

| क्र. | प्रक्रिया | अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1. | विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन हेतु (नवीन एवं नवीनीकरण) | दिनांक 30.12.2021 तक |

उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि 30 / 12 / 2021 तक ऑनलाइन आवेदन करें एवं दिनांक 31 / 12 / 2021 तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति KYC रिपोर्ट पर दिनांक 31 / 12 / 2021 तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय मुख्यालय में आवेदक स्वयं उपस्थित होकर हस्ताक्षर करें। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

संलग्न :छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक निर्देश।

कुलसचिव

पृ.क्र. / ............ / पो.मै.छा.शा. / 2021 बिलासपुर,दिनांक / / 2021

पृ.क्र. / 1230 / पौ.मै.छा.शा. / 2021 बिलासपुर,दिनांक 21 / 12 / 2021

प्रतिलिपि–

1 कुलपति जी को सूचनार्थ।
2. क्षेत्रीय समन्वयक, बिलासपुर, रायपुर, अम्बिकापुर, जशपुर,जगदलपुर, दुर्ग, उप क्षेत्रीय केन्द्र कांकेर को सूचनार्थ।
3. परीक्षा विभाग को सूचनार्थ
4. विभाग प्रमुख वेबसेल को इस निर्देशके साथ प्रेषित कि सूचना पत्र को विश्वविद्यालय की वेब साईट में अपलोड करें।
5. प्रभारी ऑनलाईन सर्वर शाखा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

क्षेत्रीय समन्वयक
क्षेत्रीय सेवा प्रभाग

पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर
1कोनी–बिरकोना मार्ग, बिलासपुर छ.ग. पिन नं.– 495005,
Email – registrar@pssou.ac.in, Website – www.pssou.ac.in
फोन : 07752–210312,210307,210308,210309, फैक्सः 07752–213073

## विश्वविद्यालय में चल रहें POST Matric ST/SC Scholarship -2021-22 संबंधी आवश्यक निर्देशः–

- सत्र जनवरी–दिसम्बर 2021 एवं सत्र जुलाई–जून 2021–22 में विश्वविद्यालय के विभिन्न पाठ्यक्रमो में प्रवेशित अनुसूचित जाति (SC) एवं अनुसूचित जनजाति (ST) वर्ग के लिए ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन, स्वीकृति एवं विवरण कार्यवाही http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ नवीन वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है।
- छात्र इंस्टीट्यूट में **PT. SUNDAR LAL SHARMA OPEN UNIVERSITY,BILASPUR (INSTITUTE ID -13750017)** का चयन करे |
- Institute Id : **13750017**
- Admission Type* : **Merit Basis**
- Mode of Study * : **Distance /Correspondance Learning**
- Hosteller or Day Scholar * : **Day Scholar**
  का चयन करे |
- सत्र 2021-22 के छात्र एनरोलमेंट नंबर के स्थान पर स्टूडेंट आई डी. का उपयोग करे |
- सत्र जनवरी –दिसम्बर 2021 के छात्र एडमिशन डेट में 01 जुलाई 2021 का उपयोग करे
- ऑनलाइन छात्रवृत्ति फॉर्म भरते समय **E-KYC ADHAR AUTHICATION** अनिवार्य रूप से करे |जिन छात्रों का **E-KYC ADHAR AUTHICATION** नहीं हुआ है उन्हें इंस्टिट्यूट लॉग इन से रिजेक्ट करा कर पुन: ऑनलाइन **E-KYC ADHAR AUTHICATION** कराने उपरांत फॉर्म की हार्ड कॉपी वि.वि. में अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करे | **E-KYC ADHAR AUTHICATION** आभाव में ऑनलाइन फॉर्म स्वत: ही निरस्त हो जाएगा | जिसके लिए विद्यार्थी स्वयम जिम्मेदार होंगे |
- ऑनलाइन फॉर्म लॉक करने के पश्चात उसका प्रिंट आउट लेकर उसके साथ सभी आवश्य दस्तावेज सहित छात्रवृति प्रकोष्ट विश्वविद्यालय मुख्यालय बिलासपुर में जमा कर KYC में हस्ताक्षर करना अनिवार्य है |

आवश्यक दस्तावेज

1. छात्रवृत्ति ऑनलाइन लॉक की गई आवेदन की स्वप्रमाणित प्रति |
2. विश्वविद्यालय में प्रवेश के आवेदन एवं चालान की स्वप्रमाणित प्रति |
3. 10 वी, 12 वी ,स्नातक ,स्नातकोत्तर एवं पूर्व वर्षो में उत्तीण की गई परीक्षा की अंकसूचीयो की स्वप्रमाणि छाया प्रति |

4. छत्तीसगढ़ शासन द्वारा जारी स्थायी जाति,निवास प्रमाण पत्र की छाया प्रति |
5. एसे सारे आवेदनकर्ता जिनके पालक शासकीय / अशासकीय सेवा में कार्यरत है उनके आय प्रमाण पत्र नियोक्ता द्वारा जारी होना चाहिए | शासकीय सेवा रत की स्तिथि में फॉर्म 16 संलग्न करे |
6. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 का समस्त स्त्रोतों से परिवार की वार्षिक अधिकतम आय रु. 2.50 लाख तक की आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति जिसमे हितग्राही आवेदक का नाम स्पष्ट अंकित हो |
7. आय प्रमाण पत्र वर्तमान का बना हुआ मूल प्रति सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है |
8. आवेदक के स्वयं की बैंक पासबुक के प्रथम पृष्ठ (जिसमे आवेदक का नाम , खाता क्रमांक एवं बैंक IFSC कोड का स्पष्ट उल्लेख हो ) की स्वप्रमाणि छाया प्रति |
9. आवेदक का आधार कार्ड की स्वप्रमाणि छाया प्रति |
10. शपथ पत्र नोटरी द्वारा सील व हस्ताक्षर किया हुआ होना अनिवार्य है |
11. विद्यार्थी को विद्यार्थी वचन पत्र स्व प्रमाणित |

- उपरोक्त निर्धारित अंतिम तिथि तक आवेदन की हार्डकॉपी, आवश्यक दस्तावेजों सहित स्वयं उपस्थित होकर विश्वविद्यालय को प्रस्तुत करें। छात्रवृत्ति **KYC** रिपोर्ट पर अनिवार्य रुप से विश्वविद्यालय मुख्यालय में आवेदक स्वयं उपस्थित होकर हस्ताक्षर करें। उक्त अंतिम तिथि के पश्चात् यदि संबधित विद्यार्थी द्वारा छात्रवृत्ति आवेदन करने की प्रक्रिया पूर्ण नहीं की जावेगी तो ऐसे आवेदनों को प्रोसेस नहीं किये जायेंगे जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होगें।

- अधिक जानकारी के लिए https://www.pssou.ac.in/index?page=about&about_id=SCHOLORSHIP छात्र वृत्ति अधिसूचना का अवलोकन करना चाहे |

क्षेत्रीय समन्वयक
क्षेत्रीय सेवा प्रभाग